
P372

इंदौर, शुक्रवार 08 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 164
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

अंदर के पन्नों पर...

स्टाफ की कमी जूझ रहा एमवाय अस्पताल

पेज-2

नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं हिमेश रेशमिया

पेज-5

तक्षशिला कैंपस में तैयार होगा लेक्चर थिएटर

पेज-6

## अब युवा मोर्चा अध्यक्ष का पद बना राजनीतिक घमासान का केन्द्र

### इंदौर की हर नियुक्तियों पर वाद-विवाद की स्थिति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की कहानी अभी उलझी हुई दिख रही है। ऊंट किस करवट बैठेगा? ये बताना मुश्किल लग रहा है, क्योंकि जो चर्चाएं चल रही है। उसमें राजनीतिक हलचल मची हुई है। जल्द ही इसको लेकर घोषाणा होने की संभावना भी जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष श्यामा टेलर ने घोषित कर दी है और जो ना चचर्चाओं में है उसमें यही लग रहा है कि हालात के अनरूप तय होगे। पूर्व अध्यक्ष सौगात मिश्रा के कार्यकाल को लेकर नाराजगी सामने आई है और ऐसी स्थिति में कोई नए दावेदार को लेकर चचर्चाएं होने लगी है। जिस तरीके से कार्यकारिणी बनाई जा रही है उससे तो यह लग रहा है कि बसयार नेता को मौका दिया जा सकता है।




इसके लिए अलग-अलग विधानसभाओं से नाम सामने आए हैं। चार नंबर से मयूरेश पिंगले ने पुरी ताकत के साथ दावेदारी की है। विधायक मालिनी गौड़ के साथ उन्हें भोपाल के नेताओं का भी समर्थन दिख रहा है। उनके साथ भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे भी हो सकते है, क्योंकि टीम एकलव्य से उनकी जुगाड़ अच्छी है और ऐसे में मयूरेश के लिए हां हो सकती है क्योंकि वो युवा मोर्चा में महामंत्री भी है।

इसके साथ ही पूरी ताकत से - संगठन के बढ़ने पर लगे है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुट इस नाम पर सहमत नहीं हो सकता है इसलिए थोड़ी सी परेशानी आ सकती हैं, क्योंकि दो नंबर से भी रोहित चौधरी और अक्षत पटेल का नाम आगे चढ़ाया गया है। दोनों ही विधायक रमेश मेंदोला के समर्थक बताए गए है। हालांकि अवत को लेकर बहुत सारी कहानियां विपरीत आ गई है इसलिए उनके नाम पार संभावनाएं कम दिख रही है। तीसरा नाम धीरज ठाकुर का भी है, जो संगठन में मजबूत पकड़ रखते है। पिछली बार भी ठाकुर का नाम सुर्खियों में था, लेकिन अंतिम समय पर उनका नाम कट गया था और दूसरी पोस्ट पर उन्हें संतुष्ट रहना पड़ा था। जिस तरीके से नियुक्तियों का दौर शुरू हुआ है। उससे तो यही लग रहा है कि जल्द ही नए नगर अध्यक्ष की घोषणा भी कर दी जाएगी और इसके लिए संगठन में तालमेल शुरू हो गया है।

## रिश्तों और राजनीति को साथ लेकर चलने वाले अश्विन जोशी नहीं रहे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और शहर की राजनीति का जाना-पहचाना चेहरा रहे तीन बार के पूर्व विधायक अश्विन जोशी का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।



बताया जा रहा है कि उन्हें अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अश्विन जोशी लंबे समय तक इंदौर की राजनीति में सक्रिय रहे और कांग्रेस संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। वे अपने सरल स्वभाव और जनसंपर्क के लिए पहचान रखते थे। इंदौर की राजनीति में उन्हें ऐसे नेता के रूप में देखा जाता था जो विरोधियों से भी व्यक्तिगत संबंध मधुर रखते थे।

## नंबर गेम में फंसी टीवीके

### सामूहिक इस्तीफे की तरफ बढ़ सकते हैं पार्टी के विधायक

**चैन्नई (एजेंसी)** ● तमिलनाडु में अभिनेता-नेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार बना पाएगी या नहीं इस पर सस्पेंस बना हुआ है। विजय अपनी कोशिशों के बावजूद सरकार बनाने के लिए जरूरी विधायकों का समर्थन जुटा नहीं पाए हैं।

चुनाव बाद दलों को अपने साथ जोड़ने की उनकी मुहिम सफल नहीं हुई है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इससे टीवीके पार्टी में निराशा बढ़ रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि विजय के प्रयासों के सफल नहीं होने से सरकार गठन में एक तरह का गतिरोध बन गया है। वहीं, रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि डीएमके और एआईएडीएमके यदि सरकार बनाने की पहल करते हैं तो टीवीसी के सभी 108 विधायक सामूहिक इस्तीफा दे देंगे।

दरअसल, कई रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि टीवीके को सत्ता से दूर रखने के लिए डीएमके ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी AIADMK के साथ बैकचैनल बातचीत शुरू की है। चार मई को आए नतीजों में डीएमके को 59 सीटों और एआईएडीएमके को 47 सीटों पर जीत मिली। सूत्रों का कहना है कि टीवीके के नेतृत्व को लगता है डीएमके और एआईएडीएमके दोनों विजय को सत्ता से दूर रखना चाहते हैं। इसके लिए दोनों में एक तरह की सहमति बनी है। यह तब है जब विधानसभा चुनाव में टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। तमिलनाडु में विधानसभा की 234 सीटें हैं।



**तमिलनाडु में बहुमत का आंकड़ा- 118**

TVK - 108 सीट
DMK - 59 सीट
AIADMK - 47 सीट
कांग्रेस - 5 सीट
PMK- 4
BJP - 1
OTH-10

**वाम दलों से मुलाकात कर समर्थन मांगा**-इससे पहले टीवीके नेता सीटीआर निर्मल कुमार ने बृहस्पतिवार को चेन्नई में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के प्रदेश सचिव एम वीरपांडियन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव पी शनमुगम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु में सरकार गठन में दोनों दलों का समर्थन मांगा और सत्ता में हिस्सेदारी पर जोर दिया।
टीवीके के संयुक्त महासचिव कुमार ने चेन्नई में दोनों वाम दलों के कार्यालयों का दौरा किया और उन्हें पार्टी की ओर से समर्थन के अनुरोध वाले पत्र सौंपे। अभिनेता-नेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके तमिलनाडु की 238 सदस्यीय विधानसभा के लिए हाल में संपन्न चुनावों में 108 सीट पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि, उसके पास अकेले दम पर सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल (118 सदस्यों का समर्थन) नहीं है।

## अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर बमबारी की

### ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे; होर्मुज में 1500 जहाज फंसे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)** ● अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था।

इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं। इन जहाजों के साथ लगभग 20 हजार चालक दल के सदस्य यानी नाविक भी फंसे हुए हैं।



● **30 दिन के अस्थायी समझौते पर बातचीत :** न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और ईरान 30 दिन तक लड़ाई रोकने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दौरान स्थायी डील पर बातचीत जारी रहेगी।

● **ट्रम्प- अमेरिकी जहाजों पर हमला हुआ :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे अमेरिकी डेस्ट्रॉयर जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें मार गिराया और 'ईरानी छोटी नावों को तबाह कर दिया।'

● **होर्मुज में करीब 1500 जहाज फंसे :** संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी के मुताबिक, होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंसे हुए हैं। तेल, गैस और सप्लाई चेन पर असर बढ़ रहा है, जबकि सोमालिया जैसे देशों में खाद्य संकट और गहरा गया है।

● **इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष फिर तेज :** इजराइल ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह की रदवान यूनिट के कमांडर अहमद बलूत समेत कई बड़े कमांडरों को बेरूत हमले में मार गिराया। जवाब में हिजबुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली टैंक और सैन्य ठिकानों पर हमलों का दावा किया।

● **अमेरिका ने नए प्रतिबंध लगाए :** अमेरिका ने ईरान से जुड़े नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगाए। इनमें इराक के डिप्टी ऑयल मिनिस्टर अली मारीज अल-बहादली और कई कंपनियां शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये लोग तेल कारोबार के जरिए ईरान और उसके समर्थित समूहों की मदद कर रहे थे।

### न्यूज ब्रीफ

- टीसीएस केस में आरोपी निदा खान गिरफ्तार, महाराष्ट्र के संभाजी नगर से हुई गिरफ्तारी
- सीरिया से लौटते ही आईएस लिंक वाली 3 महिलाओं को ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने दबोचा
- ट्रंप ने दी ईरान पर परमाणु हमले की धमकी
- रूस ने 8 से 10 मई, यूक्रेन के साथ जंग में तीन दिन के सीजफायर का किया ऐलान
- ग्यारह भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकले, 13 अभी भी मंजूरी के लिए हैं प्रतीक्षारत
- मलप्पुरम : यूडीएफ की जीत की रैली के दौरान बकरे का सिर काटकर प्रदर्शित किया गया : आईयूएमएल के दो कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज
- पटना : सम्राट सरकार के मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा, निशांत कुमार को स्वास्थ्य विभाग का प्रभार मिला
- बिहार : सहरसा में मिड-डे मील खाने से 250 से ज्यादा बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती
- एनडीए से बाहर हो सकती है AIADMK

## अपनी ही पार्टी के विधायक को ही नहीं पहचान पाए मंत्री सिलावट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट कल उस वक्त भारी असहज स्थिति में फंस गए, जब वे अपनी ही पार्टी के आलोट विधायक और पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय को पहचानने में चूक कर गए। मामला इतना बिगड़ गया कि मंत्री ने मालवीय पर लगे यौन शोषण के आरोपों को पहले तो 'कांग्रेस का अंदरूनी मामला' बता दिया और बाद में यहां तक कह दिया कि 'आरोप सही होंगे, तभी लगाए गए होंगे।'

ये वाक्या प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तब हुआ, जब मीडिया ने मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया द्वारा भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय पर लगाए गए आरोपों और उसके बाद मालवीय द्वारा दिए गए मानहानि के नोटिस पर सवाल पूछा। मीडिया ने जैसे ही पूछा कि रीना बोरासी के आरोपों पर चिंतामणि मालवीय ने नोटिस दिया है, मंत्री सिलावट ने तुरंत इसे 'कांग्रेस का अंदरूनी मामला' बता दिया। इतना सुनते ही मंच पर मौजूद बीजेपी नेताओं ने उन्हें टोका और याद दिलाया कि मालवीय उनकी ही पार्टी के विधायक हैं। इसके बाद भी मंत्री सिलावट स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए और बात को घुमाते नजर आए। पहले उन्होंने कहा कि 'आरोप सही होंगे तभी लगाए गए होंगे, निष्पक्ष जांच होगी', लेकिन कुछ ही पल बाद फिर बयान पलटते हुए आरोपों को 'बेबुनियाद' बता दिया और मालवीय की शिकायत को सही ठहराया।



### क्या है पूरा विवाद?

दरअसल, रीना बोरासी ने हाल ही में विधायक चिंतामणि मालवीय पर गंभीर आरोप लगाए थे। जिसमें एक महिला के साथ यौन शोषण और संपत्ति पर कब्जे का आरोप शामिल है। इसके जवाब में मालवीय ने बोरासी को 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजते हुए सात दिन में सबूत पेश करने को कहा है, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## टीएमसी में बगावत : पार्टी के अनेक दिग्गजों ने ममता और अभिषेक पर उठाए सवाल

**कोलकाता (एजेंसी)** ● बैरकपुर से तृणमूल के पूर्व विधायक और फिल्म निर्माता राज चक्रवर्ती ने कल घोषणा की कि वह राजनीति छोड़ रहे हैं। राज चक्रवर्ती का यह बयान ऐसे समय आया है जब पूर्व मंत्रियों और टीएमसी पदाधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

टीएमसी पदाधिकारियों ने चुनाव में मिली करारी हार के लिए संगठनात्मक अहंकार और ज़मीनी स्तर से कटे होने को ज़िम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया पर एक नोट में चक्रवर्ती ने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत 2021 में हुई थी। लोगों ने मुझे काम करने का मौका दिया। अगले पांच वर्षों तक, मैंने उसी भावना के साथ एक विधायक के तौर पर अपने कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश जारी रखी। वह अध्याय 2026 में समाप्त हो गया। इसके साथ ही, राजनीतिक जीवन में मेरी यात्रा भी समाप्त हो गई है।



### मनोज तिवारी पहले ही हो चुके हैं बागी

पूर्व क्रिकेटर और पूर्व मंत्री मनोज तिवारी ने इससे पहले बगावत के सुर दिखाए थे। मनोज तिवारी ने 2021 में टीएमसी की टिकट पर जीत हासिल करने के बाद शिबपुर का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन जिन्हें 2026 में टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने भी टीएमसी नेतृत्व और पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास पर जोरदार हमला बोला। ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि हावड़ा में विकास कार्यों को पार्टी के भीतर गुटबाज़ी और असुरक्षा की भावना के कारण जानबूझकर रोका गया।

राज चक्रवर्ती का यह कदम अभिनेता-सांसद देव द्वारा जनता के जनादेश को स्वीकार किए जाने के बाद आया है। बीजेपी को उसकी जीत पर बधाई देते हुए, देव ने आने वाले प्रशासन से बंगाल के फिल्म उद्योग के भीतर सौहार्द बनाए रखने और कलात्मक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की अपील की।

### रवींद्रनाथ ने भी साधा निशाना

कूच बिहार में ज्ञस्ष्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व मंत्री रवींद्रनाथ घोष को इस चुनाव में टिकट नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा लगा कि राज्य स्तर पर पार्टी दो गुटों में बंट गई थी। एक तरफ दीदी थीं, और दूसरी तरफ अभिषेक। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि अभिषेक दीदी पर अपने फैसलों को मनवाने के लिए दबाव डालते थे। नतीजतन, दीदी अपने स्वाभाविक फैसले नहीं ले पाती थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान योजना में अब तक 9.26 लाख लाभान्वित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बिजली बिल के तीन माह से ज्यादा अवधि के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए लागू समाधान योजना से अब तक 9 लाख 26 हजार उपभोक्ताओं ने सरचार्ज छूट का लाभ लिया हैं। सरचार्ज पर 90 प्रतिशत तक छूट की सुविधा 15 मई तक जारी रहेगी। योजना के तहत अब तक करीब 41 करोड़ रूपए की छूट दी गई हैं, कंपनी को करीब 301 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ हैं। राज्य शासन की बकाया बिजली बिलों के संबंध में प्रभावी समाधान योजना में सबसे ज्यादा एक लाख उपभोक्ता इंदौर जिले के लाभान्वित हुए, वहीं खरगोन जिले के 96 हजार, उज्जैन के 95200, रतलाम के करीब 81 हजार उपभोक्ताओं ने रियायत सुविधा का लाभ लिया हैं। अन्य जिलों के लाभार्थी उपभोक्ताओं की संख्या 30 हजार से 76 हजार तक हैं।

### ड्यूटी कैंसिल करवाने आए कर्मचारी का मन परिवर्तन, आज वही ड्यूटी करने में नंबर वन बन गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा का क्लीन विजन उनके अधीनस्थों पर भी एक गहरी छाप छोड़ता है। इसलिए जिस प्रकार एसआईआर के कार्य में बिचौली और जूनी इंदौर ने बाजी मारी थी। उसी तरह से जनगणना में भी बाजी मार ली है। कलेक्टर ने ट्रेनिंग के दौरान सभी कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अच्छे से अच्छा कार्य करने की प्रेरणा भी दी थी। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के सतत एप्रिसिएशन के चलते स्ष्ठरू अजय भूषण शुक्ल ने अपने और घनश्याम धनगर ने सभी कर्मचारियों से सर्वप्रथम उनकी परेशानी पूछी और उन्हें ऐसा मार्गदर्शन किया कि परेशानी बताने वाले कर्मचारी भी उसी ड्यूटी को निभाने के लिए अग्रसर हो गए।

### हैवेल्स ने लॉन्च किया न्यूट्रीग्राइंड आटा मिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश की अग्रणी एफएमईजी कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने आज इंदौर में लोटस इलेक्ट्रानिक्स के फ्लैगशिप स्टोर पर हैवेल्स न्यूट्रिग्राइंड आटा मिल के लॉन्च की घोषणा की। स्वास्थ्य को लेकर सजग घरों के लिए विशेष रूप से बनाया गया न्यूट्री ग्राइंड आटा मिल, ग्राहकों को घर पर ही ताज़ा आटा और मसाले पीसने की सुविधा देता है, जिससे उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वाद और पोषण मिल सके और साथ ही खाना बनाने के एक-एक पहलू पर उनका पूरा नियंत्रण रहे।

### जी का जंजाल बनती जेईई और नीट की परीक्षाएं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत में हर साल 37 लाख से ज्यादा किशोर जेईई और नीट की परीक्षाएं देते हैं। आईआईटी की बीस हजार से भी कम सीटों के लिए 15.3 लाख बच्चे और मेडिकल की लगभग दो लाख सीटों के लिए 22 लाख से ज्यादा बच्चे बैठते हैं। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में गणित और जीवविज्ञान पढ़ने वाले बच्चों के लिए ये परीक्षाएं अब योग्यता की कसौटी नहीं, जी का जंजाल बन गई हैं। जबाब में एनटीए कहता है 'चीटिंग रोकने के लिए'। लेकिन सोचिए एक 17 साल के बच्चे या बच्ची के अंडरगारमेंट उतरवाना चीटिंग रोकना है या गरिमा की हत्या 2024 में नीट का पेपर लीक बिहार-गुजरात से हुआ। बड़े माफिया पकड़े गए पर सजा किसे मिली? गेट पर खड़ी उस बच्ची को जिसकी ब्रा में हुक था या उसे जिसकी पैंट में मैटल का बटन था।

### वॉलमार्ट ने ग्रोथ समिट 2026 का आयोजन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वॉलमार्ट ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया। इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डी2सी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें।

## तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ से बारिश के पानी का बेहतर संरक्षण होगा

# पिपलिया पाला तालाब के गहरीकरण से जल संरक्षण को मिलेगी नई मजबूती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● तेजी से बढ़ते शहरीकरण, मिरते भू-जल स्तर और बढ़ती पानी की मांग के बीच इंदौर नगर निगम ने जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर की ऐतिहासिक धरोहर माने जाने वाले पिपलिया पाला तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ निगम आयुक्त वितिज सिपल द्वारा किया गया। इस अभियान को भारतीय जैन संघटन, इंदौर उमंग एवं जैन इंजीनियर्स सोसायटी, इंदौर के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री अश्विन अनवदे, भारतीय जैन संघटन के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने बताया कि शहर के पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। पिपलिया पाला तालाब इंदौर के प्रमुख जल स्त्रोतों में शामिल है। वर्षों से इसमें गाद जमने के कारण इसकी जल संग्रहण क्षमता प्रभावित हो रही थी। अब



गहरीकरण कार्य के बाद तालाब अधिक पानी संग्रहित कर सकेगा, जिससे बारिश के पानी का बेहतर संरक्षण होगा।

**पानी बचाने में सहयोग करें**- उन्होंने बताया कि इंदौर नगर निगम शहर में जल संरक्षण को लेकर लगातार अभियान बना रहा है। वर्षा जल संचयन, तालाब संरक्षण और स्वच्छता जैसे विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए ज रहे हैं। सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से ऐसे कार्यों की नई गति मिल रही है। इस अवसर पर भारतीय जैन संघटन इंदौर उमंग के संतोष कुमार जैन, अरविंद तिवारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि जल ही जीवन है और नागरिक का कर्तव्य है कि वह पानी बहने के प्रयासों में सहयोग करे। उन्हेंन लोगों से अपील की कि जल बौतों को स्वच्छ रखें पानी की चांदी रोक और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं।

**रीचार्जिंग में भूमिका** - विशेषज्ञों के अनुसार तात्ययों का गहरीकरण भू-जल पुनर्भरण (रीचार्जिंग) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे आसान के क्षेत्रों में जल स्तर सुधरता है और जल गर्मियों में पानी की समस्या कम करने में मदद मिलती है। आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सोती को बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। तालाबों के संरक्षण से न केवल जल संकट कम होता है, बल्कि आसपास हरित वातापरण भी विकसित होता है। जल स्त्रोत जीव-जंतुओं और पक्षियों के लिए भी महत्वपूर्ण आधार होते हैं।

## डॉ. शीतल मानावत ने एमबीबीएस उपाधि प्राप्त कर परिवार और समाज का बढ़ाया गौरव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और बड़े सपनों के बीच निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के बल पर डॉ. शीतल मानावत ने एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का नाम गौरवान्वित किया है। बंजारा समाज के एक सामान्य परिवार से निकलकर चिकित्सक बनने तक का उनका सफर संघर्ष, संस्कार और आत्मविश्वास की प्रेरणादायी मिसाल बन गया है। डॉ. शीतल मानावत ने अपने स्वर्गीय दादा हरिश चन्द्र मानावत एवं पिता मुकेश मानावत के सपनों को साकार करते हुए कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। इस उपलब्धि में उनकी माता गायत्री मानावत का विशेष सहयोग और प्रेरणा भी महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने हर परिस्थिति में बेटी का मनोबल बढ़ाया। दीक्षांत समारोह में नरेन्द्र सिंह तोमर (विधानसभा मध्य प्रदेश शासन एवं कॉलेज प्रबंधन द्वारा पिपुल्स कॉलेज परिसर में डॉ. शीतल मानावत को एमबीबीएस की उपाधि प्रदान की गई। यह अवसर मानावत परिवार के लिए गौरव एवं भावनाओं से भरा ऐतिहासिक क्षण बन गया, क्योंकि परिवार की पहली बेटी ने चिकित्सकीय क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। डॉ. शीतल मानावत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर समाजजनों, शुभचिंतकों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन पर निगम का बड़ा एक्शन

# 2750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन और प्लास्टिक कैरीबैग जब्त किए गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कैट रोड स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) के गोदाम पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान करीब 2750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन और प्लास्टिक कैरीबैग जब्त किए गए। भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर निगम ने गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई अपर आयुक्त प्रखर सिंह के मार्गदर्शन में झोन क्रमांक 21, वार्ड 79 क्षेत्र में की गई। निगम की टीम जब कैट रोड स्थित गोदाम पहुंची तो संचालक से परिसर खोलने का आग्रह किया गया, लेकिन सहयोग नहीं मिलने और दुकान नहीं खोलने पर टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरी से ताला काटकर जांच शुरू की। जांच में गोदाम के भीतर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन और कैरीबैग का अवैध भंडारण पाया गया। निगम अधिकारियों ने मौके से लगभग 2750 किलो प्रतिबंधित सामग्री जब्त कर उसे निपटान के लिए नेप्रा प्लांट भेज दिया। नगर निगम ने साफ किया है कि शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक का निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए आगे भी लगातार



अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अनुकूल विकल्प अपनाएं**-निगम प्रशासन ने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक और प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग बंद करें तथा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाएं। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह, सीएसआई विजय यादव, सहायक सीएसआई रवि सिंह, वार्ड सहायक दरोगा मिंटू कल्याणे सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम और बेसिक्स टीम के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्टाफ की कमी जूझ रहा एमवाय अस्पताल

# मरीजों को उठाना पड़ रही परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शुमार महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवाय अस्पताल) की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। और व्यवस्थाओं की स्टाफ की कमी लचर स्थिति के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीजों की देखभाल का जिम्मा अब काफी हद तक उनके परिजनों पर आ गया है। जांच से लेकर दवाइयों की व्यवस्था और समय पर निगरानी तक, हर काम में परिजन ही जुटे नजर आते हैं। कई वार्डों में नर्सिंग स्टाफ की कमी साफ दिखाई देती है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिल पाना मुश्किल हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में स्वीकृत पदों की तुलना में कर्मचारियों की संख्या काफी कम है। यही वजह है कि डॉक्टरों और नसों पर काम का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसका सीधा असर मरीजों की देखभाल पर पड़ रहा है। परिजनों का कहना है कि कई बार उन्हें खुद ही मरीजों को जांच के लिए ले



जाना पड़ता है, जबकि यह जिम्मेदारी अस्पताल स्टाफ की होनी चाहिए।

वहीं, गंभीर मरीजों की निगरानी में भी लापरवाही सामने आ रही है, जिससे उनकी हालत और बिगड़ने का खतरा बना रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही स्टाफ की भर्ती और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अस्पताल प्रबंधन के लिए यह एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है कि कैसे सीमित संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

## उपार्जन के शेष समय में पर्याप्त तोल कांटों के साथ ही निरीक्षण दल बनाकर सतत निगरानी रखें- राजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अपर मुख्य सचिव व इंदौर संभाग के प्रभारी अनुपम राजन की अध्यक्षता में आज गेहूँ उपार्जन एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में इंदौर से संयुक्त आयुक्त विकास श्रीमती शिवानी वर्मा, उपायुक्त विकास पुरुषोत्तम पाटीदार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के चीफ इंजीनियर संजय कुमार एवं अधीक्षण यंत्री शामिल रहे।

धार वीसी कक्ष से संचालित हुई कान्फ्रेंस में अपर मुख्य सचिव एवं प्रभारी इंदौर संभाग अनुपम राजन ने संभाग के गेहूँ उपार्जन एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल और उपार्जन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण दल बनाकर सतत मॉनिटरिंग करें और समीक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों का गेहूँ तुलाई समय पर हो, शेष समय में पर्याप्त तौल कांटों की निगरानी रखें। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए शीतल पेयजल, छाया सहित बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। जो भी स्थानीय समस्या आये कलेक्टर तत्काल सक्रियता के साथ निराकरण करेंगे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आये, इसका विशेष ध्यान रखें।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में अपर मुख्य सचिव राजन ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही हैण्डपम्पों का संधारण किया जाए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान और राजस्व वसूली की भी समीक्षा की गई।

# 15 मई के बाद कभी भी आ सकती है स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने लगातार 8 बार स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर-1 का खिताब हासिल कर इतिहास रचा है। अब शहर की नजर लगातार 9वीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने पर टिकी है। इसके लिए इंदौर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

जानकारी के मुताबिक स्वच्छता सर्वेक्षण की केंद्रीय टीम 15 मई के बाद कभी भी इंदौर का दौरा कर सकती है। इस बार सर्वे की सबसे खास बात यह होगी कि टीम पहली बार शहर के सभी 85 वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लेगी।

**टूरिस्ट स्पॉट से एयरपोर्ट तक होगी जांच**-इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण सिर्फ कॉलोनियों और बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, ट्रांसपोर्ट हब और सार्वजनिक स्थलों को भी सर्वे में खास तौर पर शामिल किया गया है।

सर्वे टीम इंदौर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और देवी अहिल्या बाई होलकर



एयरपोर्ट की सफाई व्यवस्था और संचालन का मूल्यांकन करेगी। यहां कचरा प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था और यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं की गहन जांच की जाएगी।

**स्कूलों में भी होगा स्वच्छता का आकलन**-नगर निगम इस बार विद्यार्थियों में स्वच्छता जागरूकता को भी प्रमुखता से दिखाना चाहता है। इसके लिए शहर के 36 स्कूलों का चयन किया गया है। सर्वे टीम इन स्कूलों में जाकर छात्रों की स्वच्छता के प्रति समझ, व्यवहार और सहभागिता का मूल्यांकन करेगी। अधिकारियों का मानना है कि इंदौर की स्वच्छता मॉडल में नागरिकों के साथ बच्चों की भागीदारी भी एक बड़ी ताकत रही है। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण और कचरा निपटान व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर निगम की टीमें लगातार वार्डों में निरीक्षण कर रही हैं और सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड के 4 आरोपियों की बेल खारिज

# सोनम की जमानत को हाईकोर्ट में चुनौती; मेघालय सरकार बोली- पुलिस जांच में गलती नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शिलांग सेशन कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी राज कुशवाह समेत चार आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। वहीं मेघालय सरकार ने आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में 12 मई को सुनवाई होगी।

शिलांग सेशन कोर्ट ने मुख्य आरोपी और सोनम के कथित प्रेमी राज कुशवाह की दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे राहत देने से इनकार कर दिया।

राज के अलावा इस मामले में आरोपी विशाल, आनंद और आकाश की जमानत अर्जियां भी अदालत ने निरस्त कर दीं। हालांकि कोर्ट ने किन आधारों पर याचिकाएं खारिज कीं, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आदेश जारी हो चुका है, लेकिन कॉपी मिलना बाकी है। मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली




जमानत अब कानूनी चुनौती का सामना कर रही है। मेघालय सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर बेल निरस्त करने की मांग की है। सरकार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच और ट्रायल को देखते हुए जमानत रद्द की जानी चाहिए। पुलिस जांच पर उठ रहे सवालों को लेकर उपमुख्यमंत्री प्रेस्टन तिनसोंग ने कहा कि जांच एजेंसियों और एसआईटी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सक्षम और सुसज्जित है तथा जांच में किसी प्रकार की कमी नहीं रही। उन्होंने कहा कि अदालतों में जमानत को लेकर अलग-अलग स्तर पर फैसले होते रहते हैं, लेकिन इससे पुलिस जांच पर सवाल नहीं उठाए जा सकते।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 08 मई 2026

# ‘सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स’ में उलझी इंदौर-भोपाल की मेट्रो

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का वो आदेश चर्चा का विषय बना हुआ जिसमें मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो ट्रेन के एक स्पेशल कोच में बर्थडे, प्री-वेडिंग शूट सहित अन्य आयोजन कर सकेंगे। 6 मई को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने यह आदेश जारी किए, जिसके बाद से यह आदेश चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर मेट्रो प्रोजेक्ट पर मीम्स बनाए जा रहे हैं, साथ ही तर्क दिया जा रहा है कि मेट्रो प्रोजेक्ट फेल हो चुका है। खर्चा पूरा नहीं होने के कारण मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन प्री-वेडिग और बर्थडे सेलिब्रिशन को अनुमति सशुल्क दी है, जिसके बाद से इंदौर-भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया के साथ कांग्रेस के नेता प्रोजेक्ट को असफल और



घाटे वाला बता रहे हैं, जबकि पूर्व सीएम कमलनाथ में इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की नींव रखी थी। वहीं, मेट्रो ट्रेन संचालन एक्सपर्ट की राय सबसे अलग है।

प्रोजेक्ट अभी पूरा नहीं हुआ, तो असफल कैसे - मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी चैतन्य ने बताया कि इंदौर-भोपाल मेट्रो की प्रमोशन पॉलिसी को लांच किया गया है, जो देश के प्रत्येक मेट्रो प्रोजेक्ट द्वारा लांच की जाती है। यह मेट्रो संचालन का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर क्या चल रहा है इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ है, तो इसको असफल कैसे कहा जा सकता है।

दिल्ली मेट्रो के पूर्व एमडी डॉ. मंगू सिह ने बताया कि देश में तेजी से विकसित होते शहरों में यातायात और जाम की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यहां वाहनों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पहुंच गई है। इंदौर और भोपाल भी इसी समस्या से ग्रस्त है, इसलिए दोनों शहरों में कुल 11000 करोड़ मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। अभी दोनों प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए, इसलिए सफल और असफलता तय नहीं की जा सकती। दिल्ली मेट्रो प्रोजेक्ट 20 साल में पूरा हुआ। इंदौर का मेट्रो प्रोजेक्ट पूरा होने में 10 साल लगेंगे। इंदौर में जब आबादी 45 लाख हो जाएगी, तब मेट्रो की जरूरत होगी।

### क्या शादी और बर्थडे शूटिंग के लिए किए करोड़ों खर्च

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे ने मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट असफल हो गया है। चलाने का खर्च 4 लाख रु. प्रतिदिन है और आय जीरो है, इसलिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ट्रेन को मजाक बना दिया है। करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट को क्या फोटो शूट और बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए बनाया गया था?

### इंदौर के मेट्रो रूट प्लानिंग में चूक

मेट्रो संचालन से जुड़े मामलों के विशेषज्ञ केशव कुमार बताते हैं कि जब कोई प्रोजेक्ट बनाया जाता है उसकी डीपीआर और फिजिबिलिटी रिपोर्ट में यात्री की संख्या के बारे अनुमान लगाया जाता है। इंदौर का मेट्रो प्रोजेक्ट शहरी सीमा के बाहर प्लान किया, इसलिए यात्री नहीं मिल रहे हैं। प्रोजेक्ट राजवाड़ा से विजय नगर प्लान किया जाता तो यात्री की संख्या अधिक होती, लेकिन भविष्य में समस्या नहीं रहेगी

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिरों से व्यक्ति को सदगुणों व श्रेष्ठ विचारों से समाज को संस्कारों से समृद्ध बनाने की प्रेरणा मिलती है

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** वर्तमान हालातों में पूरे विश्व को जैन धर्म के आदर्श सिद्धांतों की जरूरत है। दया, करुणा, परमार्थ और सेवा जैसे संस्कारों में गूथे हुए जैन धर्म को आज पूरे विश्व ने प्रासंगिक और महत्वपूर्ण माना है। जहाँ दुनिया के अन्य देश एकदूसरे के साथ युद्ध और वर्चस्व की लड़ाई में घिरे हुए हैं, वहां भारत जैसे संप्रभुता सम्पन्न देश में आज भी भारत की धर्म और संस्कृति की ध्वजा सबसे ऊपर फहरा रही है। जैन धर्म के तीर्थंकरों ने समाज को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह जैसे मंत्र देकर समूची मानवता पर बहुत बड़ा उपकार किया है। मंदिरों से व्यक्ति को सदगुणों और श्रेष्ठ विचारों से मालामाल बनने और समाज को संस्कारों से समृद्ध बनाने की प्रेरणा और शक्ति मिलती है। यही कारण है कि हमारी नई पौध भी उच्च शिक्षा के साथ संस्कारों में ढलकर पूरे विश्व में जिनशासन का नाम ऊँचा कर रही है। ये प्रेरक आशीर्वचन हैं प.पू. पंयास प्रवर योगरुचि विजय म.सा. के, जो उन्होंने गुरुवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में श्रीसिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना के दौरान व्यक्त किए।

### हनुमान मंदिर पर संत लादूनाथ महाराज का बरसी महोत्सव एवं दो दिवसीय स्थापना दिवस 13 से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादूनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान एवं महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं सदगुरु लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव का आयोजन महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स पर 13-14 मई को सौल्लास मनाया जाएगा। भक्त मंडल के योगेश सुईवाल, विजय अग्रवाल एवं मयूर सुईवाल ने बताया कि बुधवार 13 मई को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसकी पूर्णाहुति गुरुवार 14 मई को सुबह 10 बजे होगी। गुरुवार को ही शाम 5 बजे से महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम पर महाप्रसादी एवं रात 8 बजे से भजन, सत्संग के आयोजन प्रारंभ होंगे। महोत्सव में मालवा, निमाड़ एवं मारवाड़ सहित लिम्बी, कैलाश टेकरी, इंदौर, उज्जैन, रतलाम सहित नर्मदा तट के अनेक संत-महंत एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

### दाहोद में आज से तीन दिवसीय मुद्रा प्रदर्शनी, देश के संग्राहक एवं कारोबारी आएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** गुजरात के दाहोद में 8 से 10 मई तक प्राचीन सिक्कों और मुद्राओं की राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, सूरत जैसे अनेक प्रमुख शहरो के मुद्रा संग्राहक एवं व्यापारी इस प्रदर्शनी में अपने स्टाल्स एवं संग्रह सहित शामिल होंगे। राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक और इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि प्रदर्शनी के समापन अवसर पर 10 मई को देश के जाने-माने मुद्रा संग्राहकों को इस आयोजन में भी सम्मानित किया जाएगा। समिति के विराज भार्गव के अनुसार दाहोद प्रदर्शनी में गिरीश शर्मा आदित्य को विशेषरूप से आमंत्रित किया गया है जहाँ उन्हें 40वें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर देश के अनेक जाने-माने पुरातत्वविद, मुद्रा शास्त्री एवं प्रख्यात संग्राहक भी उपस्थित रहेंगे।

## सनातन धर्म नर्मदा जैसी माँ के कारण ही अक्षुण्य बना हुआ है और आगे भी बना रहेगा : पं. रविकांत शास्त्री



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** दुनिया के तमाम देश प्रदर्शन में डूबे हुए हैं लेकिन हमारे भारत की यही खूबी है कि हम प्रदर्शन नहीं, दर्शन में विश्वास रखते हैं। भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हम नदियों को माँ का दर्जा और सम्मान देते हैं। माँ कभी भी अपने बेटों की अनसुनी और अनदेखी नहीं कर सकती। माँ ऐसा विश्व विद्यालय है जहाँ हम बचपन से लेकर अंतिम क्षणों तक बिना किताबों के भी जीवन के व्यवहारिक सूत्रों, जैसे बोलना, चलना, खाना और अन्य क्रियाएँ सीख जाते हैं। जो परिपूर्णता हमें माँ से मिलती है, वह दुनिया की और कोई शक्ति नहीं दे सकती।

नर्मदा केवल हमारा नहीं लाखों-करोड़ों जीवों, पेड़-पौधों और प्रकृति का भी लालन-पालन कर रही है। भारत का सनातन धर्म नर्मदा जैसी जीवनदायी माँ के कारण ही अक्षुण्य बना हुआ है और आगे भी बना रहेगा। ये प्रेरक, ओजस्वी और प्रभावी विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को माँ भगवती नर्मदा के प्राकट्य उत्सव की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, मुकेश खंडेलवाल, स्वप्निल माने आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने भी कथा श्रवण का पुण्यलाभ उठाया। मातृशक्ति की ओर से ज्योति बंसल सहित सैकड़ों महिलाओं ने परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री की अगवानी की। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त, परिक्रमावासी और नर्मदा तट स्थित धर्मस्थलों के संत-महंत भी आ रहे हैं। देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा को सानिध्य प्रदान करने 9 से 11 मई तक इंदौर में विराजित रहेंगे।

## हापुस की मिठास से महकेगा इंदौर, आज से शुरू होगी तीन दिवसीय ‘मैंगो जत्रा’

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ‘हिप्पो कार्पोरेशन प्रेजेंट्स मैंगो जत्रा’ का शुभारंभ 8 मई से होगा। ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआं, साउथ तुकोगंज में लगने वाले इस खास आयोजन में इंदौरी ओरिजनल जीआई टैग प्रमाणित कोंकण के हापुस आम का स्वाद ले सकेंगे और सीधे किसानों से खरीदी भी कर पाएंगे। ट्रस्ट के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि मैंगो जत्रा का यह 14वां संस्करण 8 से 10 मई तक सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। आयोजन में रत्नागिरी और देवगढ़ (कोंकण) से आए 24 से अधिक आम उत्पादक हिस्सा ले रहे हैं। यहां केवल जीआई टैग प्रमाणित असली हापुस आम ही उपलब्ध रहेंगे। मैंगो जत्रा में अब इस अब बार 24 किसान हापुस आम लेकर आएंगे, हापुस की कई वेरायटी देखने को मिलेगी। नाम मात्र शुल्क पर चखने हेतु आम उपलब्ध रहेगा। तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि मैंगो जत्रा में आमों के साथ मराठी व्यंजनों और इंदौरी चौपाटी का भी खास आकर्षण रहेगा। झुणका भाकर, पूरण पोली, मिसळ पाव, अप्पे और संभारवाड़ी जैसे पारंपरिक स्वादों के साथ छोले टिकिया, पाव भाजी, चीज केक और मैंगो ट्रेस्लेचेस जैसे व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे। दर्शन जागीरदार ने बताया आयोजन में प्रवेश निशुल्क रहेगा तथा 2 पहिया एवं 4 पहिया वाहनों हेतु पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था परिसर में ही की गई है।

## महिला परिषद अंजना संभाग के शपथ समारोह में एक निराश्रित युवती को सिलाई मशीन भेंट की



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग विजयश्री शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सविता जैन ने शपथ ग्रहण के पश्चात समारोह में परिषद की ओर से आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार की युवती को जीविका पार्जन हेतु एक सिलाई मशीन भेंट की। संत सदन में संपन्न समारोह में परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जैन ने श्रीमती सविता जैन को विजयश्री शाखा की अध्यक्ष एवं श्रीमती विभा जैन को सचिव एवं श्रीमती रजनी पवैया को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रभा जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सरला सामरिया, मीना गोदरे संभाग अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता राजेश जैन, संस्थापक अध्यक्ष संतोष लुहाडिया, कल्पना बंडी एवं माधुरी जैन समारोह गौरव के रूप में उपस्थित थीं। सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से सम्मान किया गया। एमवाय अस्पताल में दवाइयां एवं नवजात शिशु के बस्त्र प्रदान किए गए।

## महाकाल दर्शन करने आए परिवार से मारपीट दुकानदार और उसके साथियों ने मारा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** बाबा महाकाल के दर्शन करने आए एक परिवार ने दुकानदारों पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। घटना चौबीस खंभा क्षेत्र में घटी। मारपीट में बच्चे के हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाजियाबाद निवासी विष्णु मेहरा पत्नी और बच्चे के साथ 6 मई को उज्जैन पहुंचे थे। परिवार चौबीस खंभा, हरसिद्धि मार्ग स्थित एक होटल में रुका हुआ था। मेहरा के अनुसार बुधवार रात करीब शयन आरती देखने के बाद वे होटल लौट रहे थे। रास्ते में एक दुकान से सामान खरीदने के दौरान दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

## संत बोले नासिक कुंभ से अच्छा काम उज्जैन में हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन •** आगामी सिंहस्थ की तैयारियों का निरीक्षण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए वैष्णव संप्रदाय के शीर्ष संत गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष तथा रामानंद संप्रदाय के अग्रणी संत टीला द्वारा गाद्याचार्य मंगल पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री स्वामी माधवाचार्य जी डाकोर के नेतृत्व में संतों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल ने सिंहस्थ मेले के लिए चल रहे कार्यो को देखा और सभी संत कार्य से संतुष्ट दिखयी दिए। सिंहस्थ के दृष्टिकोण से संतों का अत्यंत महत्वपूर्ण दौरे में स्थानीय संत भी शामिल हुए सभी मंगलनाथ की और चल रहे कार्यो को देखने के लिए पहुंचे संतो ने 29 किमी घाट निर्माण को देखा साथ ही मंगलनाथ के पास बनने वाले ब्रिज निर्माण



और रोड चौड़ीकरण प्रशंसा कि स्वामी माधवाचार्य जी ने कहा कि संतो के साथ बैठक की है, उत्तम काम किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है। सरकार की और से आश्वासन दिया है। काम देखने के लिए आये सभी संत उज्जैन में चल रहे कार्यो से प्रसन्न दिखाई दिए। राधे राधे बाबा ने कहा कि सीएम डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 13 अखाड़ों के साथ मिलकर अच्छे घाटों को निर्माण हो रहा है। टनल के माध्यम से शिप्रा नदी का शिद्धिकरण कर रहे है। महंत भक्ति चरण दास ने कहा कि सभी खालसा और अखाड़े के प्रमुख आये थे एमपी सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है, नासिक से अच्छे कार्य उज्जैन में हो रहे है। हम नासिक को बोल रहे है उज्जैन जैसा काम करे। कुम्भ से पूर्व उज्जैन की तैयारी बहुत अच्छी है।

## ब्लड बैंक की अनोखी मुहिम शुरू, मॉल-सिनेमाघरों तक पहुंची वैन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर •** जिला अस्पताल की ब्लड बैंक ने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरू की है। गुरुवार से शहर में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत एक वैन सार्वजनिक स्थानों जैसे सिनेमाघर और मॉल में पहुंच रही है। यहां कर्मचारी घोषणाओं के माध्यम से आम जनता से रक्तदान की अपील कर रहे हैं। इस अभियान का नेतृत्व जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव थवानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह वाहन शासन द्वारा उपलब्ध कराया गया है और इसके डीजल की व्यवस्था भी वहीं से होती है। हालांकि, अभियान को जून तक जारी रखने के लिए आवश्यकता पड़ने पर वे अपने खर्च पर भी डीजल भरवाएंगे। डॉ. थवानी के अनुसार, बुरहानपुर जिला अस्पताल में वर्तमान में 270-72 ब्लड बैग उपलब्ध हैं, लेकिन वे 150 बैग का अतिरिक्त भंडार बनाए रखना चाहते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 20 से 24 ब्लड बैग की आवश्यकता होती है। यह अस्पताल जिले के खकनार और शाहपुर के अलावा महाराष्ट्र के धारणी, अंर्तुली और रावेर जैसे पड़ोसी क्षेत्रों के मरीजों को भी सेवा प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि नए नियम के तहत गंभीर मरीजों के लिए ब्लड एक्सचेंज की आवश्यकता नहीं है।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रार्पटी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### स्कूल जा रही बच्ची को नोच डाला, आखिर आवारा कुत्तों को रोकने की जिम्मेदारी किसकी

पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव में बुधवार को आवारा कुत्तों के एक बच्ची पर हमले की घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर दिया है। कुत्तों के झुंड ने बच्ची को उस समय नोच कर मार डाला, जब वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। सवाल है कि अगर इलाके में कुत्ते आक्रामक हो गए थे, तो समय रहते स्थानीय शासन ने क्यों नहीं ध्यान दिया। जबकि जोखिम बन गए कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की ओर से स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोगों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। मगर यह दायित्वबोध किसी भी स्तर पर नहीं दिखता। पंजाब में जो हुआ, वह कोई अकेली घटना नहीं है। पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं। इन्हीं कारणों से लोगों का आक्रोश भी फूटा और हिंसक कुत्तों को निशाना बनाया गया। होशियारपुर जिले में आवारा कुत्तों का समूह हिंसक हो चुका है, तो उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी किसकी थी? समय रहते उनकी पहचान कर ली जाती और उन्हें आश्रय गृह में भेज दिया जाता, तो मासूम बच्ची की जान नहीं जाती। यह एक विचित्र विडंबना है कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाना सरकारी महकमों को जरूरी नहीं लगता है। अदालत में महीनों चली सुनवाई और उस पर आए निर्देशों के बाद भी आम लोगों, खासकर बच्चों की जान जोखिम में है। देश भर में इस मुद्दे पर चिंता जताए जाने और मामले सुर्खियों में आने के बावजूद संबंधित विभागों और अधिकारियों का रवैया अब भी उदासीन दिखता है। रिहाइशी इलाकों से हिंसक कुत्तों को हटाने की कोई कवायद नहीं हो रही, तो इसे अब गंभीरता से लेना होगा। अगर नगर निकाय और जिला प्रशासन निर्देशों की अवहेलना करेंगे, तो आखिर आम लोग कहां जाएंगे। निकायों से पूछा जाना चाहिए कि हिंसक हो गए कुत्तों को पकड़ने तथा उन्हें आश्रय गृहों में रखने की हिदायत दी गई थी, तो उसका पालन क्यों नहीं हुआ? आवारा कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं, तो तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। नगर निकायों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इस दिशा में अब सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास की जरूरत है।

# क्या बंगाल की आंधी के बाद पंजाब की बारी है?



पश्चिम बंगाल में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश हाई है। दिल्ली समेत देश के तमाम राज्यों में स्थित भाजपा कार्यालयों में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी भी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के जश्न में शामिल हुए व साथ कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। इस बीच पश्चिम बंगाल में मिली बढ़त के बीच भाजपा ने इस प्रदर्शन को राजनीतिक हथियार बनाना शुरू कर दिया है क्योकि बंगाल में बीजेपी की मजबूत स्थिति को पार्टी बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देख रही है। यह प्रदर्शन न केवल राज्य की राजनीति में असर डाल सकता है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बीजेपी की रणनीति को मजबूती देने वाला माना जा रहा है।

चुनाव नतीजों के बाद जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुए पंजाब के भाजपा नेताओं ने इस बात को दोहराया कि यदि कड़ी मेहनत से पश्चिम बंगाल में असंभव को संभव किया जा सकता है तो उसी तरह की मेहनत पंजाब में भी जीत दिलाएगी। प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ ने तो कार्यकर्ताओं को 2027 के लिए कमर कस लेने की बात कहते कहा कि पार्टी का अगला फोकस पंजाब पर ही रहना है।

यही नहीं बंगाल की जीत पंजाब के लिए कई मायनों में अहम है। माना जा रहा है कि इस जीत के बाद भाजपा नेतृत्व का पूरा ध्यान अब पंजाब के 2027 में होने वाले चुनाव पर रहेगा। ऐसे में आगामी दिनों में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार के बीच टकराव और बढ़ने के भी आसार बन सकते हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगातार आप और केंद्र की भाजपा सरकार के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर टकराव बना रहा है, फिर भले ही वह पानी का मुद्दा हो, आरडीएफ न देने की बात हो, बीबीएमबी का मुद्दा हो या फिर बाढ़ राहत के लिए पैसे नहीं देने की बात हो। हर मामले में दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप जारी रहे हैं।

भाजपा के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'पश्चिम बंगाल के बाद अब पंजाब की बारी! आप, अपना बोरिया-बिस्तर बांध लो!' इस बयान से साफ है कि भाजपा इस बढ़त को अन्य राज्यों में भी सियासी मुद्दा बनाने की तैयारी में है। इससे पहले, केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने कहा कि बंगाल के बाद पंजाब में तख्तापलट की बारी है। वहीं पंजाब भाजपा ने भी सोशल मीडिया (X) पर पोस्टर जारी कर लिखा- बंगाल के बाद पंजाब की बारी, भाजपा की है पूरी तैयारी। भाजपा के उत्साहित नेताओं की बयानबाजी को लेकर आप सरकार चला रहे मुख्यमंत्री भगवंत ने पलटवार किया करते हुए कहा कि ये शेखचिल्ली के सपने हैं। पंजाब में क्ष्छ्क को वोट नहीं मिलेंगे। पंजाबी जिस बात पर अड़ गए, उस पर अड़ गए। वहीं आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया सपोर्टर्स अब पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से 2027 इलेक्शन के लिए पंजाब पर फोकस करने की बात कह रहे हैं। 3 पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहना है कि भाजपा ने बंगाल में ममता बनर्जी का किला ढहा दिया। साफ तौर पर अगली बारी पंजाब की ही होगी।ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे बंगाल में भाजपा कभी सरकार नहीं बना सकी, उसी तरह पंजाब में अकेले दम पर सत्ता पाना भी भाजपा के लिए किसी सपने से कम नहीं। भाजपा अब पंजाब में एग्रेसिव ढंग से पॉलिटिक्स करेगी।इससे आप में टूट का खतरा बढ़ेगा। एक्सपर्ट बंगाल चुनाव का असर कांग्रेस पर भी मान रहे हैं।

बताया जाता है कि भाजपा जैसे बंगाल जीत गई। अब वह पंजाब में भी साम-दाम-दंड-भेद की नीति अपनाएगी। भाजपा के लिए बंगाल की तरह पंजाब भी सियासी कामयाबी की बड़ी पहेली रहा है। ऐसे में अब बंगाल का फॉर्मूला पंजाब में भी लागू होगा।यह भी सही है कि भाजपा की बंगाल जीत के बाद आप में टूट का खतरा बढ़ेगा। विधायक समझेंगे कि अगर भाजपा बंगाल में सरकार बना सकती है तो पंजाब में भी चौंका सकती है। उनका भरोसा बढ़ेगा और टूट के मौके ज्यादा बनेंगे। इसमें आप छोड़ने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और संदीप पाठक उनके बड़े हथियार बन सकते हैं।

पर यह भी बताया जाता है कि अभी ये टूट नहीं होगी। अगर अभी कोई टूटकर गया तो आप सरकार उसे नहीं छोड़ेगी। रेड होंगी या फिर केस भी हो सकता है। फिर जमानत के चक्कर या फिर जेल जाना होगा। जैसा कि आप छोड़ने वाले राज्यसभा सांसदों के साथ हुआ। इसमें राजिंदर गुप्ता पर रेड हुई, राघव चड्ढा और हरभजन सिंह की सिक्योरिटी वापस ले ली, संदीप पाठक पर भी FIR की चर्चा है। ऐसे में कोई रिस्क नहीं लेगा। असली टूट चुनाव आने के 1-2 महीने के पहले होगी। बताया यह भी जाता है कि बंगाल में भाजपा जीत गई, इसका इंपैक्ट बिल्कुल पंजाब में दिखेगा। बंगाल के बाद भाजपा पंजाब में भी चौंकाने वाली परफॉर्मेंस दिखा सकती है। ऐसा भी लग रहा है कि पंजाब में संघ भी चुनाव में भाजपा की प्लानिंग को लेकर एक्टिव है। भाजपा पंजाब को बंगाल के बाद रिजल्ट के बाद ज्यादा सीरियस लेगी। अब वह ये मानेगी कि अगर बंगाल फतेह हो सकती है तो पंजाब भी इंपासिबिल नहीं है। इसके लिए भाजपा डेरा फैक्टर की गोटियां भी सेट कर रही है। इसमें डेरा बल्लां हो या ब्यास व डेरा सच्चा सौदा, तीनों जगह भाजपा संपर्क में है। हालांकि, इसका वोट बैंक पर कितना असर होता है, यह कभी सामने नहीं आता, लेकिन एक परसेप्शन जरूर भाजपा बनाने की कोशिश कर रही है।बंगाल चुनाव से बड़ा मैसेज कांग्रेस के लिए भी आ रहा है। यहां सिर्फ भाजपा और TMC के बीच फाइट दिखी, लेकिन कांग्रेस डबल फिगर के आंकड़े तक नहीं पहुंची। पंजाब में भी अगर भाजपा का वोट शेयर बढ़ा तो कांग्रेस-आप को डेंट लग सकता है। ऐसा भी संभव है कि 2027 में पंजाब का चुनावी मुकाबले का शोर आप और भाजपा के बीच का ज्यादा हो। कुछ लोगों का कहना है कि बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत पंजाब की चुनावी राजनीति को तय करेगी। भाजपा बंगाल जीत गई, अब 2027 में भाजपा मिशन पंजाब को इनडेप्थ तरीके से लागू करेगी।जो फॉर्मूला बंगाल में कामयाब रहेगा, उसे पंजाब के लिहाज से भी देखा जाएगा। विधानसभा चुनाव नजदीक आने पर आप में भी टूट दिखाई दे सकती है। यही वजह है कि अभी राघव चड्ढा और संदीप पाठक पंजाब को लेकर बहुत एक्टिव नजर नहीं आ रहे। अभी बैकएंड प्लानिंग होगी, फिर भाजपा मैदान में आएगी और पंजाबियों को यकीन दिलाएगी कि बंगाल में लोगों ने भरोसा किया तो इस बार पंजाब को भी भाजपा को मौका देना चाहिए।

पंजाब भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ ने कहा कि मेरा मानना है कि समझदार लोग बंगाल और पंजाब दोनों जगह रहते हैं। जब बंगाल और पंजाब के बीच तुलना की जाती है, तो वे आमतौर पर कानून-व्यवस्था और बेरोजगारी को लेकर होती है, और बंगाल के मामले में, आतंकवाद और गैंगस्टरवाद को लेकर। पंजाब की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, लोग आश्चर्य करते हैं कि यदि बंगाल खुद को कुशासन से मुक्त कर सकता है, तो पंजाब क्यों नहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहना है कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के लोगों का शोषण किया। आज बंगाल आजाद हो गया है। प्रधानमंत्री की नितियों के कारण बंगाल बच गया है। बंगाल के बाद पंजाब की बारी है। मोदी जी ने कई योजनाएं लागू कर रखी हैं, कर देंगे काम।पंजाब में आम आदमी पार्टी ने घोषणा की थी कि महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने देंगे। वहां के मुख्यमंत्री को पता तो चलता नहीं। शाम को वो राजी (खुश) हो जाता है, उसे 5 बजे के बाद सारा पिंड मित्रां दा लगदा। वहीं मुख्य मंत्री भगवंत मान का कहना है कि बंगाल में भाजपा आ गई। असम में पहले ही भाजपा थी। पंजाब में अभी तो बदलाव हुआ है। पंजाब को लेकर भाजपा सोचे ना कि ऐसा कुछ कर लेंगे। हम पंजाबी हैं, जिस बात पर अड़ गए, उस पर अड़ गए। पंजाब का भाजपा ने बहुत नुकसान किया। RDF का पैसा रोक लिया। 700 किसान शहीद कर दिए। हर बात पर हमसे लड़ते हैं। मान ने कहा-कभी कहते हैं तुम्हारी यूनिवर्सिटी छीन लेंगे। कभी कहते हैं चंडीगढ़ हमारा हो जाएगा, उसे अलग कर देंगे। भाखड़ा डैम के पानी को अपना बता रहे हैं, प्रबंधक लगाने की बात करते हैं। उन्होंने कभी पंजाब के हक की बात तो की नहीं, सुनील जाखड़ और कैप्टन अमरिंदर सिंह को पूछ लो, बिट्टू भी भाजपा में हैं। किस मुंह से वोट मांगने आएंगे। पब्लिक है सब जानती है। भाजपा के अगला नंबर पंजाब का कहे जाने पर ष्ट्रभगवंत मान ने कहा कि ये शेखचिल्ली के सपने हैं। किसानों, योद्धाओं, फकीरों और साहित्यकारों की धरती है, पंजाब के लोग ऐसे झांसे में नहीं आते। वह पॉलिटिकली अवेयर हैं और वह परखकर वोट डालते हैं। ऐसे भी उनके पास एक विधायक है और लोकसभा का तो कोई सांसद है ही नहीं। बताते है कि अब इस बात की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि आगामी दिनों में सीबीआइ और ईडी की ओर से पंजाब में विभिन्न मामलों की जांच में तेजी आए। माना जा रहा है कि इस जांच की आंच में कई बड़े प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी आ सकते हैं।ऐसे में केंद्र सरकार पंजाब में तैनात प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को भी संवैधानिक तौर पर कार्य करने संकेत दे सकती है। सीबीआइ की ओर से गिरफ्तार निलंबित डीआइजी हरचरन सिंह भुल्लर के मामले में जांच में तेजी को भी इसी रूप में देखा जा रहा है। सीबीआइ इस मामले की जांच के लिए बड़े आइएएस-आइपीएस अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाने का सिलसिला भी शुरू कर सकती है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### धार में उपार्जन केंद्रों का अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**



**धार** ● इंदौर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने गुरुवार को धार जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्रों और जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। राजन उच्च शिक्षा, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव भी हैं। उन्होंने बक्साना और लेबड़ उपार्जन केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत 73 उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे सुचारू रूप से संचालित हों, ताकि किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने एफएक्यू मानकों के अनुरूप खरीदी सुनिश्चित करने, पर्याप्त बारदाना और तिरपाल उपलब्ध रखने तथा खरीदे गए अनाज का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को देखते हुए राजन ने किसानों के लिए उपार्जन केंद्रों पर छायादार स्थान, बैठने की व्यवस्था और ठंडे पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने सेजवाया और लेबड़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर पेयजल आपूर्ति, पानी की गुणवत्ता और नियमित वितरण की जानकारी ली।

### पानीपुरी ठेले पर चल रहा था आईपीएल सट्टा कारोबार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● कोर्ट ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के मामले में गुरुवार को दो सगे भाइयों को तीन-तीन माह के साधारण कारावास और 1000-1000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह भंवर ने सुनाया। उपनिरीक्षक विक्रम सिंह बामनिया और आरक्षक दुर्गेश को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रास्तीपुरा निवासी दीपक पिता कैलाश और राजू पिता कैलाश, दोनों भाई जयस्तंभ चौराहे के पास अपनी पानीपुरी के ठेले पर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा ले रहे हैं। वे मुंबई इंडियंस और दिल्ली डेविल्स के मैच पर हार-जीत का दांव लगवा रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जयस्तंभ चौराहे पहुंची। महाकाली पानीपुरी सेंटर के ठेले के पास मोबाइल फोन पर बात करते हुए दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने घेराबंदी कर दीपक उर्फ हेमू (26) और राजू (28), दोनों निवासी रास्तीपुरा, बुरहानपुर को पकड़ा। आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच करने पर आईपीएल क्रिकेट से संबंधित हिसाब, आईडी, व्हाट्सएप चैटिंग और रिकॉर्डिंग पाई गई। दीपक के कब्जे से एक वीवो कंपनी का मोबाइल और 15,400 रुपए नकद जब्त किए गए। वहीं, राजू के पास से ओप्पो कंपनी का मोबाइल और 25,100 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्तों को पब्लिक गैंबलिंग मध्यप्रदेश एक्ट 1976 की धारा 4 (क) के तहत दोषी पाया। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनिलसिंह बघेल और उषा इंगले ने पैरवी की।

### सराफा कारोबारी को सीबीआई का नोटिस 264 करोड़ घोटाले में पैन कार्ड का इस्तेमाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● एक सराफा कारोबारी के घर उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली से आया एक कांस्टेबल खुद को सीबीआई का कर्मचारी बताते हुए नोटिस देने पहुंचा। कांस्टेबल ने कारोबारी से नोटिस लेने को कहा और कुछ देर बाद घर और गाड़ी की फोटो खींचने लगा। इससे घबराए कारोबारी ने अपने परिचितों और पुलिस को सूचना दी। बाद में कोतवाली पुलिस ने जांच की तो पता चला कि कांस्टेबल वास्तव में सीबीआई से आया था। यह मामला 264 करोड़ रुपए के टैक्स फर्जीवाड़े से जुड़ा हुआ है। इसी केस में सीबीआई ने खंडवा के सराफा कारोबारी अंकित जैन को पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित सीबीआई कार्यालय बुलाया है।

जब कोतवाली पुलिस और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु जैन ने सीबीआई अधिकारी सुशील कुमार वर्मा से संपर्क कर नोटिस की वजह पूछी, तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि 264 करोड़ रुपए के बैंक ट्रांजेक्शन में अंकित जैन के पैन कार्ड का इस्तेमाल किया गया है। इसी आधार पर उनसे पूछताछ की जानी है। सीबीआई और पुलिस के अनुसार, इनकम टैक्स विभाग के एक अधिकारी ने कथित तौर पर एक कारोबारी के खाते में 264 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद उस कारोबारी ने करीब 174 करोड़ रुपए निकाल लिए। जब वह बाकी 90 करोड़ रुपए निकालने बैंक पहुंचा, तो बैंक को ट्रांजेक्शन संदिग्ध लगा और खाता सीज कर दिया गया। पूछताछ में सामने आया कि कारोबारी ने खंडवा के अंकित जैन के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर एक फर्जी कंपनी बनाई थी। उसमें अंकित जैन को कंपनी का मालिक बताया गया और कारोबार से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी लगाए गए। इसी आधार पर उसने बैंक से बाकी रकम भी निकाल ली। बाद में जब पूरे मामले की परतें खुलीं, तो जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

**नोटिस लेकर खंडवा पहुंचा था सीबीआई कांस्टेबल**- कोतवाली टीआई प्रवीण आर्य ने बताया कि व्यापारी की सूचना पर पुलिस ने जांच की थी। जांच में पता चला कि नोटिस देने आया व्यक्ति असली सीबीआई कांस्टेबल है और वह धोखाधड़ी से जुड़े मामले में नोटिस तामील कराने आया था। पुलिस ने सीबीआई अधिकारियों से व्यापारी की बात भी करवाई। अंकित जैन को 14 मई को भोपाल में पेश होने के लिए कहा गया है।

**2022 में हुआ था पैन कार्ड का इस्तेमाल** - जानकारी के मुताबिक, अंकित जैन के पैन कार्ड का इस्तेमाल फरवरी 2022 में किया गया था। इस दौरान उन्हें डाक के जरिए सीबीआई के नोटिस भी मिले थे, लेकिन उन्होंने उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

### बायपास पर ट्राले की टक्कर से पलटी कार, ऑटो डिवाइडर पर चढ़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**धामनोद** ● राऊ-खलघाट फोरलेन के गुजरी बायपास पर बुधवार रात करीब 11 बजे एक ट्राले ने आगे चल रही इक्को कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार सड़क पर पलट गई, वहीं ट्राले की चपेट में आकर एक ऑटो रिक्शा डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में इक्को कार चालक को मामूली चोटें आईं। इंदौर की तरफ से आ रहा ट्राला बायपास के स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान उसने आगे चल रही इक्को कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे इक्को कार बीच सड़क पर पलट गई। ट्राले ने एक अन्य ऑटो रिक्शा को भी टक्कर मारी, जिसके बाद रिक्शा डिवाइडर के ऊपर चढ़ गया। हादसे में इक्को कार चालक को मामूली चोटें आईं, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही काकड़दा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। कार चालक ने बताया कि वह हाट बाजार में दुकान लगाता है और सागौर कुटी से हाट बाजार कर अपने घर धरमपुरी जा रहा था। उसने बताया कि वह धीरे-धीरे स्पीड ब्रेकर पार कर रहा था तभी ट्राले ने अचानक उसकी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इक्को कार में टोस्ट भरे हुए थे, जो टक्कर से टूट गए। धामनोद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### कसरावद बायपास का अंडरपास अंधेरे में डूबा, वाहन चालकों को हादसे का डर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**खरगोन** ● खरगोन जिले में नेशनल हाईवे 347 सी पर कसरावद बायपास का अंडरपास अंधेरे में डूबा रहता है। इससे रात के समय बड़े हादसों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों अनिल सोलंकी, नितिन डोंगरे, मंशाराम वर्मा और अनुराग वर्मा ने बताया कि कसरावद बाईपास क्षेत्र में रोड 10000 से ज्यादा छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। निर्माण कंपनी ने यहां पर्याप्त सुरक्षा बैरिकेट्स और हाईमास्ट नहीं लगाए हैं। इसके अलावा, निर्माण सामग्री भी बिखरी पड़ी है, जिससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने शीघ्र बिजली व्यवस्था की मांग की है।

जिले में खरगोन से जामली और मेनगांव के साथ-साथ सैलानी और कसरावद में अंडरपास, पुल-पुलिया और डामरीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। सड़क के दोनों ओर बिजली के खंभे, तार और टावर लगाए जा रहे हैं। हालांकि, लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राहुल सिंह ने इस संबंध में कहा कि जहां सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, वहां का दौरा कर आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि बायपास अगले छह माह में शुरू हो जाएगा।

### अर्चना चिटनिस ने बंगाल हिंसा को बताया लोकतंत्र पर हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं पर गुरुवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की निर्मम हत्या को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। चिटनिस ने कहा कि इन घटनाओं से तृणमूल कांग्रेस का हिंसक और क्रूर चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हुआ है। चिटनिस ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस चुनावी हार की खीज निकाल रही है। उन्होंने कहा, 'अगर वे चुनाव जीत जाते तो खून की नदियां बहा देते।' उनके अनुसार, राजनीतिक हिंसा, भय और आतंक के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा व एनडीए की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में बुरहानपुर में भव्य विजयोत्सव मनाया गया। इसमें सीएम डॉ मोहन यादव भी शामिल हुए थे।


# आईपीएल में आज होगा दिल्ली और केकेआर का मुकाबला





**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● आईपीएल का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को खेला जाएगा। दिल्ली अपना पिछला मुकाबला हारकर आ रही है, लेकिन केकेआर ने दमदार कमबैक किया और लगातार तीन मैच जीते हैं। ऐसे में केकेआर अपनी जीत का सिलसिला कायम रखना चाहेगी, लेकिन दिल्ली को उसके घर पर हराना आसान नहीं होगा। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। इस सीजन दिल्ली में काफी हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिले हैं। इस मैदान पर खेले गए आखिरी छह टी-20 मैचों में से पांच बार रन का पीछा करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। वहीं, सिर्फ एक बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की है। ऐसे में कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला ले सकते हैं। आईपीएल के इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अब तक 35 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें केकेआर ने 19 मुकाबले जीते हैं, जबकि डीसी ने 15 मैच अपने नाम किए हैं। वहीं एक मैच बेनतीजा रहा है। आंकड़ों के हिसाब से कोलकाता का पलड़ा एकतरफा भारी नजर आ रहा है।

# नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं हिमेश रेशमिया



**मुंबई (एजेंसी)** ● अपने प्रशंसकों के लिए गायक और संगीतकार हिमेश रेशमिया एक नया म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। यह एक हाई-एनर्जी ट्रैक बताया जा रहा है, जिसका पहला पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। उनका नया गाना शराब जल्द रिलीज होने वाला है। इस गाने में पहली बार हिमेश रेशमिया और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर एक साथ नजर आएंगे। दोनों की नई जोड़ी को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हिमेश रेशमिया ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का फर्स्ट लुक साझा किया। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'जय माता दी। चलो धमाल मचाते हैं। एक बार सुनना काफी नहीं होगा। टीजर मंगलवार को सिर्फ यूट्यूब चैनल पर आएगा।' पोस्टर में गाने की भव्यता और स्टाइलिश अंदाज साफ दिखाई दे रहा है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि म्यूजिक वीडियो बड़े स्तर पर तैयार किया गया है। इस गाने का निर्देशन और कोरियोग्राफी मशहूर जोड़ी पीयूष और शाजिया ने की है। दोनों अपने अलग और आकर्षक डांस स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। गाने को आवाज खुद हिमेश रेशमिया ने दी है, जबकि इस बार संगीत की जिम्मेदारी रजत नागपाल ने संभाली है। इसके बोल राणा सोतल ने लिखे हैं। माना जा रहा है कि यह गीत युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और पार्टी ट्रैक के रूप में लोकप्रिय हो सकता है।

## खिलाड़ियों की मांगे नहीं मानी तो टूर्नामेंटों का बहिष्कार तक करेंगे -सबालेंका



**रोम (एजेंसी)** ● विश्व भर के स्टार टेनिस खिलाड़ी अब टूर्नामेंटों में राशि बढ़ाये जाने की मांग पर अड़ गये हैं। इन खिलाड़ियों ने आगाह किया है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों का बहिष्कार करने के लिए भी मजबूर हो जाएंगे। बेलारुस की महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कहा है कि ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में बड़ी पुरस्कार राशि पाना खिलाड़ियों का अधिकार है और अगर ये नहीं मिलती है तो इसके लिए आंदोलन तक किया जाएगा। इटैलियन ओपन के दौरान उन्होंने साफ कर दिया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो खिलाड़ी टूर्नामेंट का बहिष्कार तक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बिना कोई टूर्नामेंट या मनोरंजन संभव नहीं है, और इसलिए वे निश्चित रूप से अधिक राशि के अधिकारी हैं। सबालेंका ने यह भी कहा कि किसी समय हम बहिष्कार भी करेंगे। अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने लड़कियों की एकजुटता पर भरोसा जताया, यह कहते हुए कि हम लड़कियां आसानी से एक साथ आ सकती हैं और इसके लिए जा सकती हैं। उनका मानना है कि खिलाड़ियों के साथ कुछ चीजें बहुत गलत हैं और यह स्थिति अपने शीर्ष स्तर पर पहुंचने वाली है। पिछले साल लगभग सभी बड़े खिलाड़ियों ने चार ग्रैंड स्लैम आयोजकों को दो पत्र भेजे थे, जिसमें पुरस्कार राशि बढ़ाने, संन्यास के बाद और मातृत्व के अवसर पर बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों के कल्याण के लिए भुगतान की मांग की गई थी।

## विनेश एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल के लिए अयोग्य घोषित



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ●कुश्ती में वापसी कर रहीं ओलंपियन विनेश फोगट को करारा झटका लगा है। विनेश को एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के अनुसार चयन ट्रायल के लिए योग्यता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं 2025 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में पदक विजेता होने पर निर्भर करती है और वह इसमें से किसी में शामिल नहीं थीं। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसंबर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था। विनेश ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया। पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से ही विनेश ने खेल से संन्यास ले लिया था। इसलिए, वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। विनेश ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट को अपनी वापसी के लिए चुना था पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के परिणाम चयन ट्रायल में पात्रता के लिए मान्य नहीं होंगे।

## गलत संदर्भ में वायरल हो गया जान्हवी का इंटरव्यू, देनी पड़ी सफाई



**मुंबई (एजेंसी)** ● सोशल मीडिया पर अभिनेत्री जान्हवी कपूर के एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के कुछ हिस्सों को गलत संदर्भ में वायरल किया गया। इसके बाद इंटरनेट पर गलतफहमी फैल गई कि जान्हवी कपूर नशे की लत या शराब की समस्या से जुड़े अपने निजी अनुभव साझा कर रही थीं। हालांकि अब इस पूरे मामले पर मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की गई है। दरअसल, जान्हवी कपूर हाल ही में उद्यमी और पॉडकास्ट होस्ट राज शमानी के शो में नजर आई थीं। बातचीत के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, नशे की समस्या और सहयोगी भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा हुई थी। लेकिन सोशल मीडिया पर इंटरव्यू के कुछ छोटे हिस्सों को अलग तरीके से पेश किया गया, जिसके कारण कई लोगों ने यह मान लिया कि अभिनेत्री खुद किसी प्रकार की एडिक्शन समस्या का सामना कर चुकी हैं। बढ़ती गलतफहमी के बाद अमाहा और 'ऑफ द रॉक्स' ने संयुक्त बयान जारी करते हुए साफ किया कि जान्हवी कपूर ने इस चर्चा में एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में हिस्सा लिया था।

# उज्जैन संभाग



## घर में घुसकर परिवार पर हमला, गाड़ी फूंकी, महिलाओं से मारपीट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित कंचनपुरा इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात एक घर में घुसकर हमला किया गया। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों से मारपीट की, घर में तोड़फोड़ की और एक गाड़ी में आग लगा दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार, कंचनपुरा निवासी आईटीआई कर्मचारी भगीरथ रायकरवार घटना के समय ड्यूटी पर थे। उनके घर में उनकी बेटी पूजा और बुजुर्ग दादी मौजूद थीं। इसी दौरान, पड़ोस से जुड़े पुराने विवाद के चलते गोलू उर्फ पप्पू (28) निवासी ढांचा भवन अपने 8 से 10 साथियों के साथ वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में थे और उन्होंने घर के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले घर के दरवाजे पर एसिड से भरी बोतलें फेंकीं। इसके बाद उन्होंने लाठी-डंडों से दरवाजे, खिड़कियां और घर का सामान तोड़ना शुरू कर दिया। टीवी सहित अन्य घरेलू सामान में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। घर में मौजूद महिलाओं, पूजा और उनकी दादी के साथ मारपीट की गई, जिससे वे घायल हो गईं। घटना से घबराई पूजा ने अपनी बुआ उषा और चचेरे भाई भारत को मदद के लिए बुलाया। हालांकि, उनके पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान, घर के बाहर खड़ी एक गाड़ी में आग लगा दी गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

**रात 12 बजे बाद पहुंचे बदमाश-** इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में रात करीब 12 बजे से 1 बजे तक लगातार हंगामा, मारपीट और तोड़फोड़ होती दिखाई दे रही है। लगभग एक घंटे तक इलाके में गुंडागर्दी का यह तांडव चलता रहा, जिससे क्षेत्र के लोग भयभीत हो गए।

**पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हुए आरोपी-** सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मौके से गोलू और उसके नाबालिग साले को हिरासत में ले लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। घायलों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पूजा और उनकी दादी का इलाज जारी है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस की पांच संदिग्ध डेरों पर दबिश, 147 से अधिक संदिग्ध हिरासत में



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● पुलिस ने बीती रात पांच क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें खासकर डेरों से संचालित होने वाले गिरोह और घटना को अंजाम देने पर अलग-अलग लोगों की संदिग्ध भूमिका होने पर पकड़ा है। पांच थानों की टीम ने संयुक्त दबिश कार्यवाही के दौरान कुल 147 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर संबंधित थानों पर लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ, पहचान सत्यापन एवं पृष्ठभूमि जांच की गई। उज्जैन पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, संगठित अपराधों पर अंकुश, फरार एवं आदतन अपराधियों की निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए कार्तिक मेला ग्राउंड स्थित डेरा ,पंवासा पारदी डेरा, चिमनगंज क्षेत्र स्थित आकाश पेट्रोल पंप के पास डेरा, थाना भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित नाथ डेरा, थाना घट्टिया क्षेत्र स्थित लाखेड़ा पारदी डेरा पर दबिश दी। पांच थानों के बल के साथ एडिशनल एसपी शहर आलोक शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राहुल देशमुख एवं नगर पुलिस अधीक्षक अनुभव जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति के साथ थाना प्रभारियों, बल एवं साइबर सेल पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए डेरो से 147 लोगो को पकड़ा है। कार्यवाही के दौरान 25 से अधिक दोपहिया वाहन जब्त किए गए, जिनके स्वामित्व, दस्तावेजों एवं वैधानिक स्थिति की गहन जांच की जा रही है। जांच के उपरांत 22 व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए जाने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान संदिग्ध तत्वों में अफरा-तफरी एवं हड़कंप मच गया। कई व्यक्तियों ने मौके से भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। साइबर सेल एवं फील्ड यूनिट की संयुक्त टीमों द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, लोकेशन डेटा एवं पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर इन व्यक्तियों की जांच में यह भी सामने आया कि इनमें से कई व्यक्ति संगठित रूप से संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहते हुए उज्जैन जिले के अतिरिक्त आसपास के अन्य जिलों में भी वारदातों को अंजाम देते हैं।

## किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट जिला बदर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक जाट को छह माह के लिए जिला बदर करने के विरोध में कांग्रेसी शुक्रवार से कलेक्टर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई को किसान हितों की आवाज दबाने वाला कदम बताया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट लगातार मंडी में किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे थे। इसी कारण जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने यह फैसला लिया है।

कांग्रेस के अनुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी शुक्रवार सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि जब तक जिला बदर का आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दरअसल बुधवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए थे। आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अशोक जाट को उज्जैन जिले सहित सीमावर्ती जिलों देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह तक बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि अशोक जाट के खिलाफ उज्जैन जिले की किसी अदालत में कोई प्रकरण लंबित है, तो वे निर्धारित तारीख पर पेशी के लिए आ सकेंगे। हालांकि इसके लिए उन्हें संबंधित थाना प्रभारी को पहले लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। न्यायालय में पेशी के तुरंत बाद उन्हें फिर जिला बदर आदेश का पालन करना होगा।

## उज्जैन से 1100 श्रद्धालु सोमनाथ यात्रा पर रवाना, विशेष ट्रेन से गए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● रेलवे स्टेशन से गुरुवार को 1100 से अधिक श्रद्धालु सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के लिए विशेष ट्रेन से सोमनाथ रवाना हुए। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस यात्रा में उज्जैन संभाग के श्रद्धालु शामिल हैं। इस यात्रा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, जिसके बाद विशेष ट्रेन दोपहर में उज्जैन पहुंची। उज्जैन स्टेशन पर श्रद्धालुओं के स्वागत में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनकी शुरुआत मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से हुई। भस्म रमैय्या भक्त मंडल ने डमरू और ढोल के साथ 'जय महाकाल' के जयघोष से पूरे स्टेशन परिसर को गुंजायमान कर दिया। उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बताया कि यह विशेष यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। इसमें श्रद्धालुओं को एसी कोच के माध्यम से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे।

यह आयोजन सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने पर किया जा रहा है। इस यात्रा में भोपाल, विदिशा, रायसेन समेत उज्जैन संभाग के 1100 से अधिक श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को ट्रेन में बैठाकर रवाना किया। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, प्राइवेट स्कूलों की ओर बढ़े पैरेंट्स

# दो दशकों में सरकारी स्कूलों में दाखिला 71 फीसदी से गिरकर 49 प्रतिशत हुआ

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और उसका भविष्य शिक्षा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर निर्भर करता है। वर्तमान में भारत के स्कूली शिक्षा सिस्टम में एक बड़ा ढांचागत बदलाव देखा जा रहा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों में भारतीय माता-पिता का झुकाव सरकारी के बजाय प्राइवेट स्कूलों की तरफ तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट के डेटा के अनुसार, पिछले दो दशकों में सरकारी स्कूलों में दाखिले में भारी गिरावट आई है। साल 2005 में जहां 71 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ते थे, वहीं वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा गिरकर मात्र 49.24 प्रतिशत रह गया है। इसके विपरीत, अब माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर 44.01 प्रतिशत संस्थान प्राइवेट स्कूलों के रूप में संचालित हो रहे हैं।

**इन कारणों से प्राइवेट स्कूलों को प्राथमिकता**–यह शिफ्ट मुख्य रूप से एक धारणा से प्रेरित है। अभिभावकों का मानना है कि प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को बेहतर अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा, कड़ा अनुशासन और भविष्य में रोजगार के अधिक बेहतर अवसर मिलते हैं। इसी कारण वे प्राइवेट स्कूलों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### सिर्फ एक टीचर के भरोसे एक लाख से अधिक स्कूल

देश भर के 14 लाख स्कूलों में करीब 1.01 करोड़ शिक्षक कार्यरत हैं। छात्र-शिक्षक अनुपात में सुधार के बावजूद, ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में शिक्षकों की भारी कमी और उनके नौकरी छोड़ने की दर बहुत अधिक है। रिपोर्ट सबसे बड़ी चिंता 'सिंगल-टीचर स्कूल' को मानती है। वर्तमान में 1 लाख से अधिक स्कूल (कुल स्कूलों का 7 प्रतिशत से ज्यादा) केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं।

**बुनियादी ढांचों में कमी से नए विषयों को लागू करना मुश्किल**–शिक्षा मंत्रालय ने अक्टूबर 2025 में घोषणा की है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एनसीईआरटी-एसई-2023 के तहत कक्षा 3 से 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटेशनल थिंकिंग' को अनिवार्य कौशल के रूप में पढ़ाया जाएगा। सीबीएसई और एनसीईआरटी इसका पाठ्यक्रम विकसित करेंगे। हालांकि, बुनियादी ढांचे की कमी और शिक्षकों के पूरी तरह तैयार न होने के कारण इन नए विषयों को प्रभावी ढंग से लागू करना एक बड़ी चुनौती है।

### कक्षा 5 के खुद 35% छात्र कक्षा 2 की किताब भी नहीं पढ़ सकते

रिपोर्ट आगाह करती है कि कम फीस वाले प्राइवेट स्कूलों में स्थिति चिंताजनक है, जहां कक्षा 5 के 35% छात्र कक्षा 2 की किताब भी नहीं पढ़ सकते, जबकि 60% छात्र बुनियादी भाग का सवाल हल नहीं कर पाते। इसके अलावा, ऐसे कई स्कूल आरटीई अधिनियम के बुनियादी मानकों को पूरा नहीं करते और वहां टॉयलेट, खेल के मैदान और साफ पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाओं का अभाव है।

# हाईकोर्ट की रिपोर्ट : फिल्ड में नहीं पुलिसकर्मी, तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर में ट्रैफिक व्यवस्था के हाल बेहाल है। हाईकोर्ट में जनहित याचिकाओं को लेकर हुई सुनवाई के दौरान गुरुवार 7 मई को ट्रैफिक कमेटी की रिपोर्ट पेश हुई। इसमें इंदौर ट्रैफिक के हाल बहुत बेकार बताए गए हैं। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों के समन्वय करते हुए इसमें तत्काल कदम उठाने की जरूरत बताई गई। कमेटी में वरिष्ठ अधिवक्ता विनय जेलावत, विवेक पटवा और पियूष पाराशर थे। रिपोर्ट जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में पेश हुई।

### 23 चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी की बहुत जरूरत

इंदौर के 23 चौराहों पर तत्काल पुलिसकर्मियों की जरूरत बताई गई है। इसमें चाणक्यपुरी, कालानी नगर, बड़ा गणपति, महू नाका, मरीमाता, गोपुर चौराहा, विजयनगर, रेडिसन, रसोमा, एलआईजी, रोबोट चौराहा, पलासिया, गीता भवन, हाईकोर्ट नवलखा, व्हाइट चर्च, वायएन रोड, महू नाका, टावर चौराहा, आईटी पार्क, रेती मंडी और बंगाली चौराहा शामिल है।

### इंदौर में 221 ट्रैफिक पुलिस वाले कम

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 881 पुलिसकर्मियों का स्टाफ ट्रैफिक के लिए है लेकिन 221 पद खाली है। इन्हें जल्द भरने की जरूरत है। इसी के चलते चौराहों पर पुलिस बल की कमी है।

### यह भी बताई समस्याएं

यह भी बताया गया कि ट्रैफिक सिग्नल को सिस्टमेटिक करने की जरूरत है जिससे सिग्नल पर अधिक नहीं रूकना पड़े और ट्रैफिक सुगम हो। फुटपाथ पर कब्जे हैं। रोड पर लोग पार्किंग कर रहे हैं। वनवे का पालन नहीं होता है। ई रिक्शा के कारण समस्या है, उन्हें ट्रेनिंग नहीं है और बेतरतीब चलाते हैं। रोड के काम को लेकर समन्वय नहीं है। पेंवरक की जरूरत है। खासकर अहम चौराहों पर जो काफी व्यस्त होते हैं।

### सुनवाई में यह भी हुआ

वहीं सुनवाई के दौरान 'राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया और अधिवक्ता शिरीन सिलावट ने पैरवी की। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि, जब तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक यातायात प्रबंधन के लिए अंतरिम सहायता के तौर पर स्वयंसेवी संगठनों की मदद ली जा सकती है। हाईकोर्ट ने फुटपाथों और सड़कों पर अतिक्रमण तथा अवैध पार्किंग के मुद्दे पर भी संज्ञान लिया, और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन्हें हटाने तथा इनकी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस मामले की अगली सुनवाई 14 मई 2026 को होगी।

# कांग्रेस की किसान आंदोलन में फजीहत ट्रैक्टर पर आप कार्यकर्ता भीड़ की लगाई फोटो

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● किसानों के हित में मुद्दे उठाने के लिए भरी गर्मी में गुरुवार सात मई को पूरे प्रदेश में कांग्रेस सड़कों पर थी। इंदौर में पिगडंबर राउ में नेशनल हाईवे 3 पर प्रदर्शन का कार्यक्रम था। इसमें जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े, शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित कई नेता कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। लेकिन इसी में पहुंचे एक ट्रैक्टर ने फजीहत करा दी।



### क्या था ट्रैक्टर के पोस्टर में

दरअसल ट्रैक्टर के पोस्टर पर आम आदमी पार्टी के किसी भीड़ वाले आयोजन के पोस्टर लगे थे। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) लिखी हुई गांधी टोपी, बीच मे झाडू चिन्ह भी दिख रहे थे। यानी यह पोस्टर कांग्रेस ने आप का उठाकर ट्रैक्टर पर चिपका लिया।

### कांग्रेस क्या बोल रही है

उधर जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि मैंने पोस्टर नहीं देखा है। इसकी जानकारी नहीं है।

### इंदौर में मांगों को लेकर हुआ प्रदर्शन

वहीं इंदौर में कांग्रेस ने किसान मामले को लेकर हल्ला बोला। इसमें गेहूं के अधिक दाम देने, गेहूं उपार्जन देरी से होने, किसानों के शोषण होने जैसी बातें उठाई गई। प्रदर्शन के दौरान एंबुलेंस पहुंची तो विपिन वानखेड़े जगह दिलाते नजर आए। हालांकि दोपहर में जब अधिक भीड़ थी तब दूसरी एंबुलेंस आई तो जगह नहीं मिली और उसे लौटकर जाना पड़ा। रास्ते पर ट्रैक्टर खड़े हुए थे। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने शाजापुर में किसानों के साथ बड़ा प्रदर्शन किया।

### बीजेपी ने ऐसे कसा तंज

वहीं बीजेपी ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर कांग्रेस को घेर लिया। बीजेपी प्रवक्ता जेपी मूलचंदानी ने पोस्टर ट्विट करते हुए कहा कि कांग्रेस छवि चमकाने के लिए अब पोस्टर पर उधार की भीड़ दिखा रही है। इंदौर में कांग्रेस को भीड़ नहीं मिली तो आप कार्यकर्ताओं की भीड़ के फोटो लगा दिए। कांग्रेस से खुद उनके कार्यकर्ताओं का मोह भंग हो गया।

# एयरपोर्ट डायरेक्टर अधिकारियों से करते हैं बदतमीजी, पीएमओ में शिकायत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार के खिलाफ साथी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने, अपशब्द कहने से लेकर भ्रष्टाचार तक की शिकायत हुई है। पीएमओ के साथ ही यह पत्र नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) मुख्यालय, चीफ विजिलेंस ऑफिसर और सांसद शंकर लालवानी तक पहुंचा है। शिकायत हाई कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट मनोज राजदादा के नाम से की गई है। शिकायत में यह भी है कि उन्हें एयरपोर्ट के कामों में सांसद का दखल पसंद नहीं आती है। अधिकारियों ने डायरेक्टर के ट्रांसफर की मांग की है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से सोमवार को जीएम सिविल प्रभु सरकार सहित अन्य अधिकारियों का दल इंदौर एयरपोर्ट पहुंचा है। जांच शुरू हो गई है। साथ ही, डायरेक्टर के भी शिकायतों में लगे आरोपों पर बयान लिए गए हैं। वहीं, अधिकारियों के भी बयान लिए जा रहे हैं। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार की पोस्टिंग हाल ही में हुई, लेकिन उन्होंने माहौल खराब कर दिया है। वह अधिकारियों और कर्मचारियों से अपशब्द का प्रयोग करते हैं और ट्रांसफर की धमकियां देते रहते हैं। एक बैठक के दौरान विंटर यूनिफॉर्म सूट पहनकर आए ऑपरेशनल अधिकारियों से डायरेक्टर ने कहा कि आप लोग कोई काम नहीं करते, सिर्फ सूट पहनकर यहां लड़कियों को ताड़ने आते हो, कल से कोई सूट पहनकर नहीं आएगा। शिकायत में है कि डायरेक्टर मग्गीरवार ने ज्वाइन करने के बाद एक माह से ज्यादा सरकारी गेस्ट हाउस में रहे। इसके बाद, डायरेक्टर के लिए बने आरक्षित बंगले में शिफ्ट हुए। फिर उन्होंने हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) लिया। डायरेक्टर ने सीआईएसएफ से पर्सनल गार्ड लिया है। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि डायरेक्टर सिविल विभाग के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ कर गैर-जरूरी निर्माण कार्यों को तुरंत मंजूरी देते हैं।





### डायरेक्टर ने आरोपों को बताया गलत

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट के डायरेक्टर का कहना है कि शिकायत में सभी आरोप गलत हैं। जांच अधिकारियों को मैंने विस्तार से सभी जानकारी और जवाब दे दिया है। मैंने कभी किसी अधिकारी के साथ बुरा व्यवहार या गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया है।

सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि चालान के लिए...



इंदौर। रीगल टॉकिज से लेकर पलासिया चौराहे तक ट्रैफिक पुलिस ने लगभग 20 से अधिक हाईटेक कैमरे लगाए हैं। यह कैमरे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का डिजिटल चालान बनाएगा।

# तक्षशिला कैंपस में तैयार होगा लेक्चर थिएटर

## कुलगुरु बोले- क्लासरूम की दिक्कत को देखते हुए लिया निर्णय, मिलेगी मॉर्डन फैसिलिटी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में G+4 लेक्चर थिएटर तैयार किया जाएगा। इसे तैयार होने में करीब दो साल का समय लग सकता है। मगर ये तैयार होने के बाद स्टूडेंट्स को यहां मॉर्डन फैसिलिटी मिलेगी। इस बिल्डिंग में लेक्चर थिएटर सहित, सेमिनार हॉल्स के साथ स्टूडेंट्स एक्टिविटी के लिए भी रूम तैयार किए जाएंगे। जल्द ही इसका काम शुरू किया जाएगा।

इसे लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यूनिवर्सिटी में नए-नए कोर्सेस के साथ ही स्टूडेंट्स संख्या भी बढ़ेगी। यूनिवर्सिटी के कई डिपार्टमेंट में नए कोर्सेस की शुरुआत होगी, जिससे स्टूडेंट्स भी बढ़ेंगे। ऐसे में क्लास रुम की दिक्कत आएंगे। इसलिए, एक ऐसी बिल्डिंग तैयार की जाएगी, जहां पर स्टूडेंट्स को सुविधाएं मिल सके। चूंकि यूनिवर्सिटी का रेवेन्यु भी बढ़ाना है इसलिए नए कोर्सेस शुरू किए है। कुलगुरु ने बताया कि ये बिल्डिंग तक्षशिला कैंपस में तैयार की जाएगी। इसके लिए जगह लगभग तय हो गई है। एजुकेशन डिपार्टमेंट में जहां पहले ईएमआरसी था उस हिस्से में इस बिल्डिंग को तैयार किया जाएगा। ये बिल्डिंग G+4 बनेगी। इसमें करीब दो साल का समय लगेगा।





इसकी शुरुआती लागत 2 से 3 करोड़ रुपए की रहेगी। जिस तरह से फ्लोर बढ़ाएंगे उसकी लागत बढ़ती जाएगी। इसमें मॉर्डन फेसिलिटी स्टूडेंट्स के लिए रहेगी। मॉर्डन डिजिटल इक्यूपमेंट्स लगाए जाएंगे। पिछले महीने ही यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद की बैठक में यूनिवर्सिटी का 590 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया। जिसमें इस बिल्डिंग के प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी गई थी। बता दे कि यूनिवर्सिटी को जो रेवेन्यू का नुकसान हो रहा है। कम से कम यूनिवर्सिटी उसकी पूर्ति कर सके। इसके लिए कई डिपार्टमेंट कोर्सेस में सीटों की संख्या बढ़ा चुके है और कुछ में कोर्सेस भी बढ़े है।

# तालाब बन रहे कंक्रीट जंगल : शहर के 49 में से 7 तालाब गायब, 603 एकड़ पर अतिक्रमण

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● हम भोपाल को तालाबों का शहर कहते हैं, लेकिन इंदौर भी इस तमगे का माद्दा रखता है। कम ही लोगों को पता है कि इंदौर में 49 तालाब हैं। यह संख्या सर्वे ऑफ इंडिया के रिकॉर्ड में दर्ज है।

इनकी जगह पर खेत, बिल्डिंग, मैरिज हॉल, ईंट भट्टे फैक्टरी और अन्य तरह का अतिक्रमण हो गया है। बाकी बचे 42 तालाबों में से भी ज्यादातर के कैचमेंट एरिया में अवैध कब्जे हो चुके हैं।

यही वजह है कि मार्च-अप्रैल में ही शहर के ज्यादातर इलाकों के बोरिंग जवाब दे रहे हैं। बायपास के आसपास स्थिति और खराब है। यहां ग्राउंड वाटर लेवल लगातार गिरता जा रहा है। गर्मी में टैंकरों के भरोसे ही रहना पड़ रहा है।

**कभी था बिचौली मर्दाना तालाब, अब उससे गुजर रहा बायपास**

**स्थान:** बिचौली मर्दाना तालाब का क्षेत्र टोपोशीट में जितना है, वास्तविक स्थिति में उसका आधा भी नहीं रह गया है। बड़े हिस्से में बायपास, सर्विस रोड और अन्य निर्माण हो गए हैं।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।